दिनांक: 13.08.2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना गंगोह, सहारनपुर पुलिस द्वारा बाद पुलिस मुठभेड 01 शातिर गौकश अभियुक्त घायल अवस्था में गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमंचा, 01 जिन्दा कारतूस, 01 खोखा कारतूस गोकशी के उपकरण व 01 जिन्दा रास गौवंश बरामद

*अवगत कराना है कि* ***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में गौकशी/चोरी/ नकबजनी आदि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व वांछित/वारण्टी/शातिर अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चेकिंग अभियान*** *चलाया जा रहा है।*

*इसी क्रम में आज दिनांक 13.08.2026 को कस्बा चौकी प्रभारी द्वारा पुलिस टीम के साथ नकुड़ रोड़ बिजली घर के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों व शातिर अपराधियों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ दूरी पर एक आम के बाग में 2-3 संदिग्ध व्यक्ति गौकशी करने की तैयारी कर रहे है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मुखबिर के बताए स्थान पर पहुँची तो संदिग्ध व्यक्तियों ने पुलिस टीम को बाग की तरफ आता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी, पुलिस टीम द्वारा संदिग्धों को फायरिंग बंद कर आत्मसमर्पण करने के लिए चेतावनी दी गई, किन्तु बदमाशों द्वारा पुनः पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में एक बदमाश को बाये पैर में गोली लगने से घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। घायल बदमाश के 02 अन्य साथी मौके से फरार हो गये। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान* ***मेहरबान पुत्र रिजवान निवासी मौहल्ला कुरेशियान कस्बा गंगोह थाना गंगोह जनपद सहारनपुर*** *के रूप में हुई। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा .315 बोर, 01 जीवित कारतूस .315 बोर, 01 खोखा कारतूस .315 बोर, गौकशी के उपकरण व 01 रास जीवित गौवंश बरामद। फरार दोनो बदमाशो की तलाश हेतु लगातार काम्बिंग की जा रही है। घायल/गिरफ्तार बदमाश को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल भर्ती कराया गया। बरामद गौवंश को सुरक्षित कब्जे में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर किस्म का गौकश अपराधी है जिसके विरूद्ध जनपद सहारनपुर में करीब 12 मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना चिलकाना पर मु0अ0सं0 382/2026 धारा 109(1)/3(5) बीएनएस व 3/5क/8 सीएस एक्ट व 3/25/27 आर्म्स एक्ट के पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-***

*(1) मेहरबान पुत्र रिजवान निवासी मौहल्ला कुरेशियान कस्बा गंगोह थाना गंगोह जनपद सहारनपुर*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-***

- *01 अवैध तमंचा 315 बोर*
- *01 जिन्दा कारतूस 315 बोर*
- *01 खोखा कारतूस 315 बोर*
- *01 जिन्दा रास गौवंश*
- *गोकशी के उपकरण*

***आपराधिक इतिहास (अभियुक्त मेहरबान)-***

1. *मु0अ0सं0 635/16 धारा 5ए/8 सीएस एक्ट 11 पशु क्रुरता अधि0 थाना गंगोह स0पुर*
2. *मु0अ0सं0 817/17 धारा 414 भादवि थाना गंगोह स0पुर*
3. *मु0अ0सं0 220/15 धारा 3/5क/8 गोवध अधि व 11 पशु क्रुरता अधि0 थाना गंगोह स0पुर*
4. *मु0अ0सं0 614/17 धारा 3/5/8 गोव अधि0 थाना गंगोह स0पुर*
5. *मु0अ0सं0 742/17 धारा 3/5/8 गोवध अधि0 थाना गंगोह स0पुर*
6. *मु0अ0सं0 419/18 धारा ¾ जुआ अधि0 थाना गंगोह स0पुर*
7. *मु0अ0सं0 736/18 धारा 2/3 गेगस्टर अधि0 थाना गंगोह स0पुर*
8. *मु0अ0सं0 600/19 धारा 3/5ए/8 गोवध अधि0 11 पशु क्रुरता अधि0 थाना गंगोह स0पुर*
9. *मु0अ0सं0 200/20 धारा 11 पशु क्रुरता अधि0 56 अपदा अधि0 188/269/270 भादवि व ¾ महामारी अधि0 थाना गंगोह स0पुर*
10. *मु0अ0सं0 193/21 धारा11 पशु क्रुरता अधि0 188/269/270 भादवि व ¾ महामारी अधि0 थाना गंगोह स0पुर*
11. *मु0अ0सं0 468/24 धारा 305क/317(2) बीएनएस थाना गंगोह स0पुर*
12. *मु0अ0सं0 470/24 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट  थाना गंगोह स0पुर*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-***

1. *प्रभारी निरीक्षक श्री इन्द्रेश चौहान थाना गंगोह जनपद सहारनपुर*
2. *उ0नि0 श्री आजाद सिंह थाना गंगोह जनपद सहारनपुर*
3. *है0का0 321 राहुल कुमार थाना गंगोह जनपद सहारनपुर*
4. *है0का0 639 मुकेश कुमार थाना गंगोह जनपद सहारनपुर*
5. *है0का0 294 उदित मलिक थाना गंगोह जनपद सहारनपुर*

-प्रेस नोट-

दिनांक: 13-08-2026

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना फतेहपुर, सहारनपुर पुलिस द्वारा दो वारण्टी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री वीरेन्द्र सिंह राणा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 13.08.2026 को थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा चेकिंग व दबिश के दौरान* ***02 वारण्टी अभियुक्तगण 1 . सुभान पुत्र यासीन निवासी ग्राम साहबपुरा थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर व 2. तौफिक पुत्र इमरान निवासी ग्राम साहबपुरा थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर*** *को सम्बन्धित वाद सं0 9100/24 व मु0अ0सं0 94/18 धारा 160/147/148/323/336/504/506 भादवि (मा0 न्यायालय एसीजेएम द्वितीय) तारीख पेशी 19.08.2026 में ग्राम साहबपुरा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

### गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता –

1. सुभान पुत्र यासीन निवासी ग्राम साहबपुरा थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर
2. तौफिक पुत्र इमरान निवासी ग्राम साहबपुरा थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री वीरेन्द्र सिंह राणा थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री बबलू कुमार थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर
3. है0का0 456 बबलू राणा थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर
4. का0 412 धनुज कुमार थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर

दिनांक:13.08.2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना बडगाँव, सहारनपुर पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मुकदमें में वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार

**घटना का विवरणः**- दिनांक 12.08.2026 को वादी मुकदमा श्री ब्रजमोहन शर्मा पुत्र फूल चन्द निवासी ग्राम असदपुर करंजाली थाना देवबन्द जिला सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्तगण द्वारा वादी की पुत्री मनीषा को उसके ससुराल वालो ने कम दहेज लाने के कारण उसकी हत्या कर देने के सम्बन्ध में थाना बड़गांव पर **मु0अ0सं0 206/2026 धारा 85/80(2) बीएनएस व ¾ डीपी एक्ट** बनाम गौरव आदि 04 के पंजीकृत किया गया।

**पुलिस कार्यवाहीः**- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वाँछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी बडगाँव श्री नरेन्द्र भडाना के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 12.08.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना बड़गांव पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में **वांछित अभियुक्त गौरव पुत्र नाथीराम निवासी ग्राम बडगांव थाना बडगांव जनपद सहारनपुर** को ग्राम बड़गांव से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

गौरव पुत्र नाथीराम निवासी ग्राम बडगांव थाना बडगांव जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीमः-**

1- थानाध्यक्ष श्री नरेन्द्र भडाना थाना बडगांव जनपद सहारनपुर।
2- उ0नि0 श्री संदीप कुमार थाना बडगांव जनपद सहारनपुर।
3- हे0कां0 521 अमरदीप थाना बडगांव जनपद सहारनपुर।
4- हो0गा0 2077 सतीश कुमार थाना बडगांव जनपद सहारनपुर।

दिनांक: 13.08.2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना देवबंद, सहारनपुर पुलिस द्वारा दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**घटना का विवरणः**- *दिनांक 17.06.2026 को वादिया की तहरीर बाबत विपक्षी मुस्तकीम उर्फ भूल्लन पुत्र हबीब नि0 ग्राम कासिमपुर नवादा थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर के द्वारा वादिया को रास्ते में आते - जाते देखकर फब्तिया कसना व अश्लील हरकते करने तथा वादिया के साथ गलत नीयत से छेडछाड करते हुए निर्वस्त्र करने तथा जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना देवबंद पर मु0अ0स0 440/2026 धारा 296/74/76/351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया । विवेचना के क्रम में उक्त अभियोग में धारा 333/64(1) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।*

**पुलिस कार्यवाहीः**- *वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबंद के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री कपिल देव के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 13.08.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना देवबंद पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में* ***वांछित अभियुक्त मुस्तकीम उर्फ भूल्लन पुत्र हबीब निवासी ग्राम कासिमपुर नवादा थाना देवबन्द जनपद सहानरपुर*** *को कस्बा बाजार से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

1. *मुस्तकीम उर्फ भूल्लन पुत्र हबीब नि0 ग्राम कासिमपुर नवादा थाना देवबन्द जनपद सहानरपुर*

**आपराधिक इतिहासः-**

2. *मु0अ0सं0 257/2022 धारा 34/379/411 भादवि थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर।*
3. *मु0अ0सं0 401/2022 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर।*
4. *मु0अ0सं0 506/2025 धारा 109(1)/115(2)/309(4)/316(2)/318(2)/352 BNS थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।*

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. *उ0नि0 श्री रविन्द्र यादव, थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर*
2. *है0का0 1319 अनुज कुमार, थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर*

-प्रेस नोट-

दिनांकः 13.08.2026

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कुतुबशेर, सहारनपुर पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास मे वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे/निशानदेही पर घटना मे प्रयुक्त चाकू बरामद

**घटना का विवरणः**- दिनांक 11.08.2026 को थाना कुतुबशेर पर वादिया कु0 मंगेश पुत्री कर्मसिहं निवासी ग्राम उनाली थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्तगण 1.सागर पुत्र सिब्बा 2.साबन पुत्र राजेन्द्र निवासी गण ग्राम उनाली थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर द्वारा वादिया के भाई की गर्दन पर चाकू से वार कर जान से मारने की नियत से गम्भीर रुप से घायल कर देने के सम्बन्ध मे थाना कुतुबशेर पर मु0अ0सं0-368/26 धारा 109(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया ।

**पुलिस कार्यवाहीः**- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु आदेश निर्देश निर्गत किये गये । आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सन्तोष कुमार त्यागी के कुशल नेतृत्व में दिनांक 12.08.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना कुतुबशेर पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए हत्या के प्रयास मे वांछित **अभियुक्त सागर पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम उनाली थाना कुतुबशेर सहारनपुर** को गोगा माडी के पास वाले तिराहे से आगे उनाली रोड से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे/निशानदेही पर घटना मे प्रयुक्त अवैध चाकू बरामद । बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी । अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः -**

सागर पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम उनाली थाना कुतुबशेर सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः -**

- 01 अवैध चाकू

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नामः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री सन्तोष कुमार त्यागी थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर ।
2. उ0नि0 श्री कुलवन्त सिंह थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर ।
3. का0 2245 अंशू थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर ।

दिनांकः 13.08.2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली नगर, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री प्रमोद कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 13.08.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग व दबिश के दौरान* ***01 वारंटी अभियुक्त गगन पुत्र सुरेन्द्र निवासी किशनपुरा नालापटरी थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर*** *को सम्बन्धित वाद सं0-1397/23 अन्तर्गत धारा 323/504/506 भादवि थाना कोतवाली नगर (मा0 न्यायालय एडीजे-15/पोक्सो जनपद सहारनपुर) नियत दिनांक 13.08.26 में किशनपुरा नालापटरी से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –***

*गगन पुत्र सुरेन्द्र निवासी किशनपुरा नालापटरी थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–***

1. *उ0नि0 श्री राकेश कुमार कोतवाली नगर जिला सहारनपुर*
2. *है0का0 738 विनोद कुमार थाना कोतवाली नगर जिला सहारनपुर*
3. *रि0का0 1273 शिवम कुमार थाना कोतवाली नगर सहारनपुर*

दिनांक- 13.08.2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना चिलकाना, सहारनपुर पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

*अवगत कराना है कि श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण एंव वान्छित/ वारण्टी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतू चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन मे श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर एंव क्षेत्राधिकारी सदर महोदय के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी श्री विनोद कुमार के कुशल नेतृत्व में दिनांक 13.08.2026 को थाना चिलकाना पुलिस द्वारा चेकिंग व दबिश के दौरान* ***02 वारण्टी अभियुक्तगण 1. महफूज उर्फ छोटा पुत्र अख्तर निवासी ग्राम संगमौर थाना चिलकाना जिला सहारनपुर*** *को सम्बन्धित वाद सं0- 2149/23 व मु0अ0सं0 171/21 धारा 379/411 भादवि चालानी थाना चिलकाना स0पुर (मा0 न्यायालय श्रीमान जे0एम0 द्वितीय सहारनपुर) नियत तिथि 13.08.26 में ग्राम संगमौर से* ***व 2. शकील पुत्र बसीर निवासी ग्राम महेश्वरी कलाँ थाना चिलकाना जिला सहारनपुर*** *को सम्बन्धित वाद सं0- 2516/26 व मु0अ0सं0 32/2000 धारा 498ए भादवि व 3/4 दहेज अधिनियम में ग्राम महेश्वरी कलाँ से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-***

1. *महफूज उर्फ छोटा पुत्र अख्तर निवासी ग्राम संगमौर थाना चिलकाना जिला सहारनपुर*
2. *शकील पुत्र बसीर निवासी ग्राम महेश्वरी कलाँ थाना चिलकाना जिला सहारनपुर*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का विवरण-***

1. *उ0नि0 श्री विकास तोमर थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर ।*
2. *का0 638 निक्कू सिंह थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*
3. *म0का0 648 प्रिया थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*

-प्रेस नोट-

दिनांक- 13.08.2026

# ***थाना चिलकाना पुलिस द्वारा 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद***

*अवगत कराना है कि* ***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व शातिर अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चैकिंग व गश्त की जा रही है।*** *इसी क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर महोदय के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी श्री विनोद कुमार के कुशल नेतृत्व में दिनांक 13.08.2026 को थाना चिलकाना पुलिस टीम उ0नि0 श्री सुखबीर सिंह मय हमराह कर्मचारी द्वारा चैकिंग व गश्त के दौरान 01 शातिर* ***अभियुक्त शिवम उर्फ धोनी पुत्र पप्पु निवासी ग्राम टोडरपुर मिल थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*** *को पाजबाँगर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के* ***कब्जे से 01 अवैध चाकू*** *बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना चिलकाना पर मु0अ0सं0 288/26 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-***

*शिवम उर्फ धोनी पुत्र पप्पु निवासी ग्राम टोडरपुर मिल थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*

***बरामदगी -***

*01 अदद चाकू नाजायज*

***गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-***

1. *मु0अ0सं0- 227/25 धारा 305(ए),317(2) बीएनएस थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*
2. *मु0अ0सं0 370/25 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*
3. *मु0अ0सं0 360/25 धारा 331(4),305(ए),317(2) बीएनएस थाना सरसावा जनपद सहारनपुर*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का विवरण-***

1. *उ0नि0 श्री सुखबीर सिंह थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*
2. *का0 1349 नितिन कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*
3. *रि0का0 579 दीपक कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*

दिनांक- 13.08.2026

-प्रेस नोट-

# थाना नकुड़ पुलिस द्वारा 01 नशा तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 11 बोतल देशी शराब माल्टा रसीला मसालेदार (हरियाणा मार्का) व घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल बरामद

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अवैध शराब/नशीले पदार्थो की बिक्री/तस्करी की रोकथाम व नशे के कारोबार में लिप्त शातिर अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक नकुड़ श्री देवेश कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 13.08.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना नकुड़ पुलिस द्वारा चेकिंग व गश्त के दौरान 01 नशा तस्कर* ***अभियुक्त वकील पुत्र शकील निवासी ग्राम पदम नंगली थाना नकुड जनपद सहारनपुर*** *को अध्याना रोड पर साई धाम कलोनी कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 11 बोतल देशी शराब माल्टा रसीला मसालेदार (हरियाणा मार्का ) व घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना नकुड़ पर मु0अ0सं0 406/26 धारा 63/72 आबकारी अधिनियम के पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-***

*वकील पुत्र शकील निवासी ग्राम पदम नंगली थाना नकुड जनपद सहारनपुर*

***बरामदगी का विवरण –***

*11 बोतल देशी शराब माल्टा रसीला मसालेदार ( हरियाणा मार्का)*

*01 मोटरसाईकिल घटना में प्रयुक्त*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-***

*1. प्रभारी निरीक्षक श्री देवेश कुमार शर्मा थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर*
*2. उ0नि0 श्री तारीक वसीम थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर*
*3. का0 1059 अनुज राणा थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर*